GAD/72/2/0010/2025-Comm-MPSEC

I/221753/2025

म0प्र0 राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल
निर्वाचन भवन,
58-अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

भोपाल, दिनांक 13/03/2025

**क्रमांकः एफ-84-04/2025/छः(सेंस)/01**

**प्रति,**

**कलेक्टर एवं**
**जिला निर्वाचन अधिकारी,**
(स्थानीय निर्वाचन),
जिला-श्योपुर, भिण्ड, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, सिंगरौली, सीधी, जबलपुर, बालाघाट, कटनी, छिन्दवाड़ा, सिवनी, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खरगोन, खण्डवा, धार, उज्जैन, मंदसौर, देवास एवं शहडोल।
(मध्यप्रदेश)।

**विषयः त्रि-स्तरीय पंचायत उप चुनाव-2025- प्रचार-प्रसार (सेंस) हेतु नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स (सेंस) की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण के संबंध में ।**

--000--

1. विषयान्तर्गत लेख है कि आपके जिले में पंचायतों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु, निकट भविष्य में पंचायतों के उप निर्वाचन-2025 होने हैं। चूंकि आपके जिले की पंचायतों के रिक्त पदों के चुनाव **नवीन प्रणाली "पेपरलेस बूथ"** के माध्यम से होने प्रस्तावित हैं। इस नवीन प्रणाली की समस्त जानकारी से मतदाताओं, अभ्यार्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे निर्वाचन के पूर्व नवीन मतदान प्रणाली से भली भांति परिचित एवं अभ्यस्त हो सकें। अतः जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा मास्टर ट्रेनर्स (सेंस) की नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाना होगा, ताकि उनके द्वारा नवीन निर्वाचन प्रणाली की प्रक्रिया एवं नवाचार का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके।

2. **कृपया आपके जिले के लिए, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा दो मास्टर ट्रेनर्स (सेंस) की तत्काल नियुक्ति कर, आयोग को उनके नाम, पदनाम एवं मोबाइल नम्बर सहित अवगत कराना सुनिश्चित करें।**

3. आयोग मुख्यालय में अन्य विषयों के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा, उसी प्रशिक्षण सत्र में सेंस के लिए नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को भी नवीन निर्वाचन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण के दिनांक एवं समय की सूचना पृथक से भेजी जायेगी।

Digitally signed by
Abhishek Singh
Date: 13-03-2025
14:43:36

(अभिषेक सिंह)
सचिव
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

पृष्ठांकन क्रमांकःएफ-84-04/2025/छः(सेंस)/02

प्रतिलिपिः- भोपाल, दिनॉक 13/03/2025

1. संभागीय आयुक्त, चम्बल, ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन एवं शहडोल संभाग, मध्यप्रदेश,
2. समस्त उप सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल,
3. जन संपर्क अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल,

की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

4. नोडल अधिकारी, आई.टी., मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल की ओर अग्रेषित।

बेवसाईट पर अवलोड कराने का कष्ट करें।

13/03/2025

(डॉ. सुतेश शाक्या)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग